विद्‌युत मंत्रालय के अधिकारी द्‌वारा कारपोरेट कार्यालय का राजभाषाई निरीक्षण

दिनांक 06 जनवरी, 2026 को श्री शमशेर सिंह, उप निदेशक (राजभाषा),विद्‌युत मंत्रालय, भारत सरकार द्‌वारा कारपोरेट कार्यालय, ऋषिकेश का राजभाषाई निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के वरिष्ठ कार्यपालकों के साथ वार्ता करते हुए राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विविध महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। सर्वप्रथम श्री दुर्गा प्रसाद पात्रो, अपर महाप्रबंधक(मा.सं-भर्ती) द्‌वारा श्री शमशेर सिंह का शॉल एवं प्लांटर के साथ सम्मान किया। तत्पश्चात श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक(राजभाषा) द्‌वारा टीएचडीसी के राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विविध गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण दिया गया। निरीक्षण अत्यंत सफल रहा। टीएचडीसी के अंतर्गत हो रहे राजभाषा कार्यान्वयन की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि मंत्रालय की दृष्टि से टीएचडीसी का राजभाषा कार्यान्वयन उत्कृष्ट श्रेणी में आता है। निरीक्षण के पश्चात श्री पंकज कुमार शर्मा, उप प्रबंधक (राजभाषा) द्‌वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।